प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

13.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज कुल्लू जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर समाहन गांव के समीप आपदा से हुए नुकसान का ज़ायजा लिया। उन्होंने सोलंग नाला में भी नुकसान का ज़ायजा लेकर प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में सावित्री ठाकुर ने कहा कि कुल्लू–मनाली में आपदा के चलते पयर्टन, कृषि व बागवानी क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ज़िले में हुए नुकसान का पूरा ब्यौरा वे केन्द्र के समक्ष रखेंगी।

केन्द्रीय मंत्री ने आपदा की स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस दौरान नुकसान के आंकलन, पुनर्निर्माण कार्यों की गति और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास पर चर्चा की गई।

## शांतनु ठाकुर

दूसरी ओर केन्द्रीय बंदरगाह और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने बंजार विधानसभा क्षेत्र के गुशैणी, तीर्थन और सैंज में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण हिमाचल बुरी तरह प्रभावित हुआ है और इस कठिन समय में भी प्रदेश के लोगों का धैर्य प्रेरणादायक है। शांतनु ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश की जनता का दर्द समझते हैं और इसलिए उन्होंने आपदा ग्रस्त हिमाचल प्रदेश को डेढ़ हजार करोड़ रूपए की राहत प्रदान की है।

## राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन

शिमला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन आज शुरू हुआ। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा प्रमुख सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, वरिष्ठ नीति निर्माता, नाबार्ड के अध्यक्ष, शिक्षाविद और तकनीक विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन शिमला के लिए बड़ी बात है और इस कार्यक्रम से सहकारी क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी।

राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन के दौरान सहकारी मेला और फिनटेक कॉरपोरेट प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में बैंकिंग तकनीक, डेयरी, कृषि और बागवानी से जुड़े नवाचार प्रदर्शित किए गए हैं।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि आई.टी.आई घुमारवीं के भवन का निर्माण जल्द किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रांरभिक तौर पर 6 करोड़ रूपए की राशि भवन निर्माण एजेंसी हिमुडा को उपलब्ध करवा दी है। शेष धनराशि भी चरणबद्ध तरीके से मुहैया करवाई जाएगी। घुमारवीं में आज जन सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि इस आई.टी.आई भवन के निर्माण पर करीब 15 करोड़ रूपए की राशि खर्च होगी।